हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 26 दिसंबर 2023

04 उत्साह से मनी पूर्व प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी...



07 अविभाजित भारत का केंद्र बिंदु है भूरी टोरी, खो ...





## विदिशा मंडी भाव

| उपज | निम्नतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं शरबती | 2500 | 3790 |
| गेहूं 1544 | 2300 | 3311 |
| चना | 4800 | 5600 |
| मसूर | 4700 | 5688 |
| सोयाबीन | 3000 | 4650 |
| सरसों | 3600 | 5891 |
| धान | 1650 | 4285 |
| तुअर | 0000 | 0000 |
| मूंग | 6650 | 6650 |
| तेवड़ा | 4000 | 4200 |
| उड़द | 4780 | 6400 |

## खबर संक्षेप

### टीएल बैठक आज

**विदिशा।** कलेक्टर उमाशंकर भार्गव की अध्यक्षता में आयोजित लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक मंगलवार की पूर्वाहन 11 बजे से कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार कक्ष में आयोजित की गई है।

### रामलीला के लिए 29 को होगी गणेश स्थापना

**अटारीखेजड़ा।** 72 वर्ष पूर्व 1952 में अटारी खेजड़ा के कुछ जागरूक युवाओं की एक टोली ने आपस में निर्णय लेकर रामलीला के मंचन की शुरूआत की थी। 29 दिसंबर शुक्रवार को श्री गणेश पूजन कर गणेश जी की स्थापना के साथ रामलीला की शुरूआत होगी। 30 दिसंबर शनिवार को नारद मोह एवं भगवान शंकर जी का विवाह होगा। 31 दिसंबर को श्री राम जन्म 1 जनवरी को ताड़का वध, 2 जनवरी को धनुष यज्ञ, 3 जनवरी को श्री राम विवाह 4 जनवरी को वन गमन लीला होगी।

### कविताओं से पूर्व पीएम को याद किया

**विदिशा।** पूर्व प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती पर सुपर रैंकर्स कोचिंग में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। अटल पार्क में मल्याणपर्ण कर श्रृद्धांजलि दी गईं। गोष्ठी की अध्यक्षता कवि संतोष शर्मा सागर ने की। अतिथि के रूप में उदय ढोली, विष्णु दुबे उपस्थित रहे। जिन्होंने अपनी कविताओं के माध्यम से अटल जी को याद किया। अन्य कवियों में ध्रुव शर्मा, सत्येंद्र धाकड़, सुमित सिंह, योगेंद्र सिंह, प्रियम आर्य, अंकित राज, निखिल राज, दीपक रघुवंशी, रुद्र प्रताप आदि मौजूद रहे।

### मंत्री बनने पर पटाखे चलाकर मनाया जश्न

**विदिशा।** नरसिंहपुर विधायक प्रहलाद पटेल के मप्र मंत्रिमंडल में शामिल होने पर माधवगंज चौराहे पर आतिशबाजी कर मिठाई बांटी गई। प्रह्लाद पटेल की विदिशा में ससुराल है और विदिशा के लोगों से वे सीधे संपर्क में रहते हैं। इस अवसर पर भाजपा नेता संदीप डोंगर सिंह, बलवीर रघुवंशी, अनिल सोनकर, अरविंद श्रीवास्तव, राजेश वर्मा, बसंत जैन, अशोक जाट, राजेश राय, कमलेश सूर्यवंशी, राजेश सोनी सहित बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

## कलयुग की गंगा वैत्रवती मैया...







**विदिशा।** बेतवा नदी में तमाम खरपतवार जैसे जलकुंभी, लकड़ी के ठूंठ सहित अन्य सामान बहकर यहां आ जाते हैं। बेतवा की सतह कभी गंदगी से तो कभी ऐसी ही खरपतवार से भरी दिखाई देने लगती है। इस बार भी ऐसा ही हुआ है। नदी में पानी कम होने से धार टूट गइ हैं और बेतवा में जलकुंभी जमा हो गई। वहीं शहर के गंदे नाले बेतवा में मिलने के कारण पानी भी प्रदूषित हो चुका है। इसी गंदे पानी में श्रृद्धालु डुबकी लगा रहे हैं। इस जलकुंभी के कारण अभी बेतवा का आंचल हरा दिखाई दे रहा है। इसके अलावा विभिन्न घाटों के किनारे भी यह जलकुंभी कहीं कहीं टिकी हुई है। जिससे पानी की सतह पूरी तरह ढंक गई है। एक समय था जब 12 महीने तक बेतवा की धार चलती थी और बेतवा का पानी एक दम कंचन बना रहता था।

## कोहरा ऐसा की 20 फीट दूरी के बाद कुछ दिखाई नहीं दिया

### सुबह 9 बजे भी इक्का दुक्का लोग नजर आए



**विदिशा।** घने कोहरे के बीच गाड़ी पर रजाई बेचने जाता एक व्यापारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

बार-बार मौसम में परिवर्तन देखने को मिल रहा है। आज सोमवार को सुबह से घना कोहरा छा रहा है। कोहरे के कारण विजिबिलिटी 15 से 20 मीटर रही।

घने कोहरे ने वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया, वाहनों को हेड लाइट जलाकर रेंगना पड़ रहा है। कोहरे के साथ तेज ठंड के चलते जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। सुबह 8.30 बजे तक सड़कों पर एक दुक्का लोग ही नजर आ रहे हैं। लोग जरूरी काम होने पर ही निकल रहे हैं। वहीं कई लोग अलाव का सहारा लेकर ठंड को कम कर रहे हैं। हालांकि मॉर्निंग वॉक करने वालों की संख्या में कोई कमी देखने को नहीं मिली। सुबह 6 बजे तो मौसम साफ था 6.30 के बाद घना कोहरा छाने लगा था।

कोहरा इतना घना था की थोड़ी ही दूरी पर कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। सर्दी के इस सीजन में पहली बार रविवार को घने कोहरे ने पूरे जिले को अपने आगोश में ले लिया। ग्रामीण इलाकों में 11.30 के बाद कोहरा छटा। घने कोहरे के चलते एक रेल कर्मचारी मालगाड़ी की चपेट में आ चुका है। जिससे उसकी मौत हो गई थी। आज मंगलवार को दिन का उच्चतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

## घटना: रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा के इंतजाम न होने से अक्सर होते हैं ऐसे मामले

# खड़ी मालगाड़ी पर चढ़कर युवक ने तार पकड़े, गंभीर अवस्था, अस्पताल में भर्ती

### कुछ भी बोल नहीं पा रहा युवक, इसलिए नहीं हो पाई शिनाख्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सोमवार सुबह एक युवक ने मालगाड़ी के इंजन पर चढ़कर हाई वोल्टेज तार पकड़ लिया। जिसकी वजह से वह काफी झुलस गया। गंभीर रूप से घायल युवक को मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। वहीं जीआरपी इस मामले की जांच कर रही है।

सोमवार को विदिशा रेलवे स्टेशन पर उस समय हड़कंप मच गया, जब प्लेटफार्म नंबर दो पर खड़ी मालगाड़ी पर चढ़कर एक युवक ने हाई वोल्टेज लाइन को पकड़ लिया। लाइन को पकड़ते ही तेज आवाज के साथ फाल्ट हो गया और युवक झुलसकर इंजन पर गिर गया। यह घटना देख आसपास खड़े लोग दहशत में आ गए। वहां मौजूद यात्रियों ने घटना की जानकारी जीआरपी को दी। जीआरपी के जवान मौके पर पहुंचे। जीआरपी के जवानों ने चालू लाइन के बीच युवव को कॉफी मुश्किलों से नीचे उतारा और मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है।



**विदिशा।** पुलिस की मदद से घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। युवक कुछ बोल नहीं पा रहा।

मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर नारायण किरार ने बताया कि युवक की हालत गंभीर है। उसका इलाज चल रहा है, अभी बह बोल भी नहीं पा रहा है। जीआरपी ने बताया कि रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर एक मालगाड़ी खड़ी हुई थी। इसी दौरान एक अज्ञात युवक मालगाड़ी के इंजन के ऊपर चढ़ गया और हाई वोल्टेज लाइन को पकड़ लिया। जिसके कारण युवक काफी झुलस गया है। जानकारी मिलते ही उसे मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। हालांकि अभी वह बोलने की स्थिति में नहीं है, जिसके कारण उसकी पहचान अभी नहीं हो पाई है।

## राजनीति में अटलजी का योगदान अमूल्यः विधायक मुकेश टंडन



**विदिशा।** कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की सोमवार को बड़ी धूमधाम से जन्म जयंती मनाई गई। जिले में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने विधायक मुकेश टंडन के नेतृत्व में अटल उद्यान और उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया।

इस मौके पर मौजूद भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान विधायक मुकेश टंडन ने उनके राजनीति में योगदान को अमूल्य बताया। अटल जी पहले प्रधानमंत्री थे। उन्होंने भारत को दुनिया में ताकतवर देश होने की पहचान दिलाना शुरू की थी। साथ ही अपने कार्यकाल के दौरान कई जन कल्याणकारी योजनाएं शुरू की थी।

विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने कहा की साल 2014 में अटल बिहारी वाजपेयी को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया। इसके बाद से अटल जी की जयंती को भारत में सुशासन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। अटल बिहारी वाजपेयी भारत के तीन बार प्रधानमंत्री रहे। राजनीति के क्षेत्र में उनकी भूमिका दमदार रही। उन्होंने अपने शासनकाल मे देशवासियों के लिए कई बड़े फैसले किए। सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमेन श्यामसुंदर शर्मा ने कहा कि जब अटल जी सभा में भाषण देने के लिए मंच पर आते थे तो लोग उनकी बातों में पूरी तरह से मग्न हो जाया करते थे।

### राजेश वर्मा अध्यक्ष,क्लब कनारा नागेंद्र बने सचिव

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** कुशाभाऊ ठाकरे खेल परिसर में कनारा क्लब के चुनाव संपन्न हुए। जिसमें सर्व सम्मति से राजेश वर्मा को अध्यक्ष व नागेंद्र लोधी को सचिव चुना गया। निवर्तमान अध्यक्ष विपिन जैन व सचिव संदीप सिंह द्वारा नाम प्रस्तावित किए गए और सर्व सम्मति से अध्यक्ष व सचिव चुने गए। 54वी अखिल भारतीय क्रिकेट प्रतियोगिता को 13 जनवरी से आयोजित करने का निर्णय किया गया। बैठक में क्लब के राजेश यादव राजेश यादव बसंत जैन, घनश्याम मालवीय, संजय जैन, राजेंद्र सोनी पवन चतुर्वेदी, सुनील शर्मा मनीष पाठक, संजीव श्रीवास्तव ,गुंजन सक्सेना मंजीत श्रीवास्तव, चंचल जैन, राजू शर्मा, नवल गुप्ता, राजेश राय, धर्मेंद्र ठाकुर, ओएन श्रीवास्तव नितिन नेमा, राकेश साहू, मोहित रघुवंशी, पलाश श्रीवास्तव, सोनू कुशवाह आदि उपस्थित रहे।

## वेत्रवती तट पर किया गायत्री महामंत्र का जाप



**विदिशा।** सोमवार को अभिजीत मुहूर्त में मां वेत्रवती के पावन तट पर नगर के वेदोक्त ब्राह्मण द्वारा गायत्री महामंत्र का जाप किया। विश्व कल्याण की कामना से किया गया गायत्री महामंत्र जाप के पहले मध्यान्ह काल की संध्या पूजन की आयोजन किया गया। कार्यक्रम अखिल भारतवर्षीय धर्मसंघ के प्रांतीय संयोजक मंडल धर्माचार्य पंडित बृजमोहन शास्त्री, पंडित विष्णुप्रसाद शास्त्री के सानिध्य में हुआ। नगर के विद्वानों ने संध्या एवं गायत्री महामंत्र के ऊपर अपने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से धर्माधिकारी पंडित विनोद शास्त्री, पंडित नारायणप्रसाद शर्मा, पंडित संजय पुरोहित, पंडित सतीश व्यास, पंडित संतोष तिवारी शास्त्री, पंडित रंजन गुरु, पंडित अशोक शास्त्री, पंडित इंद्रेश व्यास सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण मौजूद रहे।

### 22 जनवरी को अयोध्या के साथ विदिशा रामलीला में होगा भव्य कार्यक्रम

**विदिशा।** सोमवार को रामलीला रजिस्टर्ड सभा की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता रमेश कुमार शर्मा एडवोकेट द्वारा की गई। सर्वसम्मति से विभिन्न निर्णय लिया गया की 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विदिशा में भी रामलीला द्वारा भव्य आयोजन किया जाएगा। 22 जनवरी को सुबह यज्ञ एवं प्रभु श्री राम का सहस्त्र अर्चन, दोपहर 12 बजे सामूहिक आरती, शाम को रामलीला में राम विवाह की लीला, लेजर शो के द्वारा श्री राम जी के चरित्र का व्याख्यान किया जाएगा। आतिशबाजी के साथ श्रीरामलीला क्षेत्र में विद्युत सज्जा व दीप प्रज्वलन किया जाएगा। इसके बाद प्रसादी वितरण होगा।



## वृद्धजन व दिव्यांगों के बीच पहुंचकर शिक्षा विभागीय गौ सेवा पर्यावरण समिति ने मनाया क्रिसमस पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा




शिक्षा विभागीय गौ सेवा पर्यावरण संगठन सेवा समिति ने श्री हरि वृद्धाश्रम एवं राजुल दीक्षा निकेतन दिव्यांग बच्चों को नाश्ता कराया। क्रिसमस पर्व पर जिला शिक्षा अधिकारी जीपी राठी, रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य कमलेश सेन और प्रकाश लोधी की उपस्थिति में कार्यक्रम किया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी जीपी राठी को अवगत कराया की दिव्यांग बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास समिति द्वारा किया जा रहा है। समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम किए जाते हैं। विजय श्रीवास्तव ने बताया समिति के द्वारा विगत कई वर्षों से गोपाल कृष्ण गौशाला सहित मेहगांव की गौशाला, उदयगिरि की गौशाला में समिति द्वारा कार्यक्रम किए जाते रहे हैं। महापुरुषों की जयंती, परिवार में जन्मतिथि, पुण्यतिथि के अवसर पर इस तरह के कार्यक्रम होते हैं। क्रिसमस डे को वृद्धजनों और दिव्यांग बच्चों के साथ मिलकर मनाया गया। कार्यक्रम के सूत्रधार अरविंद अवस्थी ने अपने आगामी दिनों की रूपरेखा तैयार की। सभी ने उसमें भरपूर सहयोग करने बात कही। इस दौरान शिक्षक अरविंद अवस्थी, विजय श्रीवास्तव, संजीव शर्मा, झलखन सिंह, नवीन रघुवंशी, प्रकाश यादव, वीरेंद्र सोनी, मनोज शर्मा, बृजेश बबेल, भूपेंद्र रघुवंशी, श्याम बाबू शर्मा, कमलेश सेन, प्रेम नारायण, महेश श्रीवास्तव, मनोज माली, ज्ञानचंद, खुशी लाल चौकसे एवं सुरेंद्र राठौर आदि मौजूद रहे।

## बचपन प्ले स्कूल का दसवां व विद्या इंटरनेशनल का पहला वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह हुआ

# नौनिहालों ने वार्षिक उत्सव में दिया एकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

भारत में विविधता में एकता की थीम पर बचपन प्ले स्कूल का दसवां एवं विद्या इंटरनेशनल स्कूल का पहला सामूहिक वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। बच्चों की हर प्रस्तुति भारत की विविधता और समृद्ध विरासत को ज़ाहिर करती दिखाई दी।

बचपन प्ले स्कूल के बच्चों द्वारा प्रदर्शित मोबाइल एडिक्शन के दुष्परिणामों को प्रदर्शित करता एवं उससे बचाव के तरीके समझता एक्ट बहुत ही मार्मिक था। उपस्थित सभी अभिभावकों सहित अतिथियों को भावुक कर दिया। छात्रों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

### कानूनगो ने की सराहना

कार्यक्रम के मुख्यअतिथि प्रियंक कानूनगो ने अपने उद्बोधन में स्कूल प्रबंधन व शिक्षकों की मेहनत और प्रयासों की प्रशंसा की। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बाद वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। दोनों ही स्कूलों में आयोजित की गई प्रतियोगिताओं में बच्चों को अलग अलग श्रेणियों में पुरस्कृत किया गया।




### बच्चों ने मॉडल प्रस्तुत किए, सर्वश्रेष्ठ मॉडल को पुरस्कृत किया

इस मौके पर सामान्य विज्ञान के विषयों पर आधारित अभिभावकों की मदद से बच्चों द्वारा बनाए गए 3डी मॉडल्स को भी एक प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। हर कक्षा में से सर्वश्रेष्ठ मॉडल को पुरस्कृत किया गया। स्कूल के डायरेक्टर अभिनय वर्मा ने अपने संदेश में अभिभावकों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए जीवन में रिश्तों की महत्ता बच्चों को समझने एवं अति महत्वाकांक्षी न होने की अपील की। भारत की विविध लेकिन समृद्ध संस्कृति और भारत की एकता और अखंडता पर चर्चा की। साथ ही यह भी बताया की दोनों स्कूलों का वार्षिकोत्सव एक साथ मानना भी एकता का संदेश देने का ही प्रयास है। अंत में प्राचार्य अंजलि श्रीवास्तव ने अतिथियों, अभिभावकों, स्कूल के शिक्षकों का आभार प्रकट किया।

### मोबाइल से दूर रहकर बच्चों को समय देने की शपथ दिलाई

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय बाल आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने भी अपने वक्तव्य में मोबाइल एवं उसके दुष्परिणामों के विषय में बताया एवं सभी उपस्थित अभिभावकों को मोबाइल से एक घंटा दूर रहकर सिर्फ अपने बच्चों के साथ समय बिताने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम की विशेष अतिथि प्रीति राकेश शर्मा ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए बच्चों के हित में बच्चों का पहलू रखते हुए उनके प्रति अभिभावकों, स्कूल व समाज की जिम्मेदारी याद दिलायी एवं शिक्षा पद्धति की और स्कूल को एवं बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## खबर संक्षेप

### तबला वादन में बनेगा रिकार्ड



**गंजबासौदा।** यूनेस्को द्वारा घोषित सिटी ऑफ म्यूजिक ग्वालियर के किले में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में 25 एवं 26 दिसंबर को 99 वां तानसेन समारोह आयोजित किया जा रहा है। जिसमें सैंट एसआरएस हायर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 10 के छात्र प्रथमेश भाटे का तबला वादन के लिए चयन हुआ है। वह वहां पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर हमारे नगर के साथ-साथ पूरे देश का नाम रोशन करेगा। समारोह में तबला वादन के क्षेत्र में वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनाया जाएगा। तानसेन समारोह में नगर के छात्र के चयन पर विद्यालय परिवार एवं शुभचिंतकों ने प्रथमेश भाटे को शुभकामनाएं देते हुए उसे बधाइयां प्रेषित की हैं।

### लीलाधर शर्मा का निधन

**गंजबासौदा।** भारतीय जनता पार्टी मण्डल उपाध्यक्ष अनूप शर्मा, अनुज शर्मा के पिताजी एवं भव्यम शर्मा के दादाजी लीलाधर शर्मा शिक्षक का निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा सोमवार को शाम के समय निज निवास चार खंभा वाली से पाराशरी विश्राम घाट के लिए निकाली गई। जिसमें अनेक गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर दो मिनिट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### हुई चालानी कार्रवाई

**गंजबासौदा।** सोमवार यातायात पुलिस द्वारा चालानी कार्रवाई की गई। सूबेदार आशीष राय ने बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 17 वाहन चालकों के चालान बनाए गए जिनसे 6500 रुपए शमन शुल्क के रूप में वसूल किया गया।

# श्रीराम लीला मेला का हुआ शुभारंभ, नगर में निकली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नपा द्वारा श्री रामलीला मेला का आयोजन 25 दिसम्बर से 14 जनवरी तक किया जा रहा है। सोमवार को भव्य तरीके से मेले का शुभारंभ किया गया। इस वर्ष मेले के शुभारंभ अवसर पर नौलखी मंदिर से शाम को राम जानकी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जो मुख्य मार्गों से होते हुए रामलीला मेला परिसर पहुंची। जहां विधायक हरिसिंह रघुवंशी एवं नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव द्वारा विधिवत पूजन अर्चन के बाद शोभायात्रा का समापन किया गया और इसी के साथ मेले का शुभारंभ किया गया।






नवीन बस स्टेण्ड, मेला ग्राऊण्ड पर आयोजित होने वाले इस मेले में गत वर्ष की तरह इस बार भी भरपूर मनोरंजन की व्यवस्था रहेगी। जिसमें झूले, खेल-खिलौने, तमाशा तथा गृहस्थी का सामान खरीदने के लिए बेहतर प्रतिष्ठानों के साथ-साथ मेले में शानदार सांस्कृतिक कार्यकमों का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को गरिमामयी समारोह में मेले का शुभारंभ हुआ। मेले के शुभारंभ अवसर पर नौलखी मंदिर से शाम के समय श्री राम जानकी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

शोभायात्रा मुख्य मार्गों से होकर निकली। शोभायात्रा के दौरान भगवान श्रीराम जानकी की सजीव झांकी सजाई गई थी, जो रथ में सवार होकर चले रहे थे। वहीं आगे ट्राले में डीजे पर भजनों की धुनों पर कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए चल रहे थे। इस शोभायात्रा में सीएमओ, समस्त पार्षद सहित मेला समिति अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्य और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए। शोभायात्रा के रामलीला मेला परिसर पहुंचने पर नौलखी धाम के महंत राममनोहर दास महाराज एवं पं केशव गुरू की उपस्थिति में विधायक हरिसिंह रघुवंशी एवं नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव आरती उतारकर एवं पूजन अर्चन कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। इसके बाद विधिवत पूजन अर्चन के साथ मेले का शुभारंभ किया गया।

## भाजपा कार्यकर्ताओं, संस्थाओं और नागरिकों ने नगर में जगह-जगह किए आयोजन

# उत्साह से मनी पूर्व प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी बाजपेई और पं मदन मोहन मालवीय की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी बाजपेयी एवं महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं, नागरिक सेवा समिति, शहर वाचनालय पाठक संघ ने अलग अलग कार्यक्रम आयोजित कर जयंती मनाई।

शहर वाचनालय में पाठक संघ द्वारा पार्षद प्रतिनिधि सुरेंद्र पिंकू शर्मा की उपस्थिति में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण कर जन्म दिवस मनाया गया एवं पंडित मदन मोहन मालवीय का जन्म दिवस भी मनाया गया। नगर एवं ग्राम रक्षा समिति के प्रांतीय संयोजक दीपक तिवारी द्वारा कार्यक्रम का संचालन करते हुए संस्मरण सुनाया कि जब एक वोट से उनकी सरकार गिरने पर बाजपेई ने अपने भाषण में कहा था कि आज कांग्रेस हमारे ऊपर हंस रही है एक समय ऐसा आएगा जब पूरा देश कांग्रेस पर हंसेगा। सुरेंद्र पिंकू शर्मा ने कहा कि बाजपेई ने परमाणु परीक्षण कर विश्व को भारत की शक्ति का लोहा मनवाया था। दिलीप देसाई ने कहा कि अटल बिहारी बाजपेई महान पुरुष थे, उन्होंने अपने कार्यकाल में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए और देश में सुशासन स्थापित किया उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालना अर्थात सूर्य के सामने दीपक जलाना है। अंत में वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर सुबोध जैन, राजेंद्र जैन बुक डिपो, कैलाश नेमा, अमन शर्मा, बबलू, दीपू सोलंकी सहित अनेक पाठक उपस्थित थे।







वहीं नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं के अलावा त्योंदा में भाजपा ग्रामीण मंडल द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण कर जन्म दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रोहित पटेल, सूरज श्रीवास, सुदेश दुबे, अनु शर्मा, भानू राजपूत, भावसिंह साहू, महादेव पटेल,नर्मदा कुर्मी,अंकित राजपूत, राकेश कुशवाह एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। उधर नागरिक सेवा समिति कार्यालय पर भारत माता के दो सपूतों पूर्व प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी बाजपेयी का 99 वां जन्मदिवस एवं शिक्षाविद महामना पंडित मदनमोहन मालवीय का 162 वां जन्मदिन उनके चित्रों के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण कर मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बाजपेई की छवि हर दिल अजीज, सिद्ध हस्त, होनहार कवि एवं एक कुशल वक्ता एवं प्रखर राजनेता के रूप में थी। बाजपेई को 2015 में देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न की उपाधि से नवाजा गया था। यह हम सबके लिए बड़े गौरव की बात है बाजपेई की चुनिंदा पंक्तियों में से एक पंक्ति ये वंदन की धरती है अभिनंदन की धरती है, ये अर्पण की भूमि है, ये तर्पण की भूमि है इसकी नदी नदी हमारे लिए गंगा है इसका कंकर कंकर हमारे लिए शंकर है, हम जिएंगे तो भारत के लिए और मरेंगे, तो इस भारत के लिए और हमारे मरने के बाद भी गंगाजल में बहती हुई हमारी अस्थियों में से एक ही आवाज आएगी, भारत माता की जय। जन्म जयंती के अवसर पर भोजनालय पर ही समाजसेवी संस्था दमयंती धर्मकांटा सेवार्थ के संस्थापक योगेश भाई शाह परिवार द्वारा नगर एवं ग्रामीण अंचलों से आई हुई गरीब महिलाओं को 200 कंबल वितरित किए गए एवं 250 लोगों को भोजन हलवा, पूरी, सब्जी एवं बिस्किट के पैकेट भी वितरित किए गए। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष कांति भाई शाह, उपाध्यक्ष सुरेश तनवानी, रीता देवी भावसार, तुलसीराम नामदेव, विनीत अरोरा, रामगोपाल गुप्ता, नेतराम मिश्रा, प्रकाश माहेश्वरी, राजेंद्र जैन, रेलवे विभाग से हेमंत राय, नाटू भाई पटेल, प्रदीप नेमा, संतोष शर्मा आदि उपस्थित थे।

## घना कोहरा बना वाहन चालकों की मुसीबत ...



**गंजबासौदा।** गत दिवस की तरह सोमवार को भी इलाके भर में अल सुबह से घना कोहरा छा गया रहा जो सुबह 10 बजे तक नजर आया। कोहरे के कारण स्थिति यह थी कि कुछ फिट दूर का भी दिखाई नहीं दे रहा था।

## अनियंत्रित होकर कार पलटी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को सुबह के समय तिरंगा चौक के आगे हनुमान मंदिर के सामने स्थित गड्ढे में कार क्रमांक एमपी 04 ईबी 3319 अनियंत्रित होकर पलट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार अल सुबह कोहरे के कारण कार अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें कार क्षतिग्रस्त हो गई। यह तो अच्छा हुआ कि कोई वाहन चालक, पैदल राहगीर कार की चपेट में नहीं आया। नहीं तो कोई भी गंभीर हादसा हो सकता था।

## पुष्प वर्षा कर किया अक्षत कलशों का स्वागत



**गंजबासौदा।** सोमवार को श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या धाम से अक्षत कलश ग्राम फूफैर पहुंचे। जहां पर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। स्वागत में ग्राम के वरिष्ठजन जितेन्द्र कुशवाह जनअभियान परिषद , बलराम कुशवाह, अभिषेक राजपूत, अमन शिल्पकार, अरविंद शिल्पकार, हरिओम कुशवाह, राजकुमार, गौतम मीणा, बबलेश कुशवाह सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल हुए। धर्म प्रेमी बंधु एकत्रित होकर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ अक्षत कलश को ग्राम से बाहर तक ढोल ढोल बाजों से छोड़ने पहुंचे। ग्राम में अयोध्या से आए अक्षत को घर घर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल एवं स्वयंसेवकों ने ली है। जिस प्रकार से हर घर से श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के लिए दान राशि एकत्रित की थी। कार्यकर्ताओं ने बताया कि भगवान श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी अयोध्या में की जा रही है अयोध्या से अक्षत वितरण कार्यक्रम के माध्यम से हर घर अक्षत व निमंत्रण पत्र भेजे जा रहे हैं।

## ग्राम पंचायत भाटनी अंतर्गत हो रहा शिविर आयोजित

# रासेयो नवांकुर इकाई के समारोह का शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

राष्ट्रीय सेवा योजना नवांकुर इकाई द्वारा आजाद नगर ग्राम पंचायत भाटनी के अंतर्गत नवांकुर विद्यापीठ तपोवन में आयोजित शिविर के दूसरे दिन उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष के रूप में विजय रघुवंशी और मुख्य अतिथि के रूप में जीवन सिंह रघुवंशी पंचायत सचिव ग्राम भाटनी, विशेष अतिथि के रूप में रासेयो नवांकुर इकाई के पूर्व प्रभारी संदीप रावत और शंभू सिंह रघुवंशी, डॉल्फिन और तपोवन के प्रभारी संदीप नारायण जेटली, शिक्षक रामबाबू पांचाल और सुनील भावसार उपस्थित थे। कार्यक्रम के आरंभ में अतिथियों द्वारा सरस्वती माता का पूजन कर दीप प्रज्वलित किया गया। तत्पश्चात स्वयंसेवक छात्र केशव रघुवंशी और छात्रा प्रज्ञा सक्सेना द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। रासेयो सहायक प्रभारी विनय सोनी ने अतिथियों के स्वागत में भाषण प्रस्तुत किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का प्रदर्शन किया गया। जिसमें परी ओझा और उन्नति शर्मा ने नृत्य, तिलक तिवारी ने करेक्टर डेवलपमेंट पर भाषण, अभिजीत रघुवंशी ने स्वामी विवेकानंद पर भाषण, वाणी राठौर ने रासेयो पर जानकारी, निधि मिश्रा, राशि तिवारी और रौनक कुशवाह ने गीत प्रस्तुत किया। अतिथि संबोधन की श्रृंखला में अध्यक्ष विजय रघुवंशी ने कहा कि हर फील्ड में सेवा का भाव ही रासेयो का उद्देश्य है। विशेष अतिथि संदीप रावत ने कहा की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा छात्रों में लीडरशिप का गुण विकसित होता है। संदीप जेटली ने कहा राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व का विकास करना है। अन्य अतिथियों द्वारा भी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं और आशीर्वाद प्रदान किया गया। स्वयंसेवक कुलदीप दुबे और निधि मिश्रा ने कार्यक्रम का संचालन किया। बालिका इकाई प्रभारी मेघा शर्मा द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। सुबह के सत्र में प्रातः काल रासेयो कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक मिश्रा के नेतृत्व में प्रभात फेरी निकाली गई तथा आसपास के परिसर की साफ सफाई की गई।

# त्योंदा गल्ला व्यापारियों ने किया एसडीओपी मनोज मिश्रा और थाना प्रभारी को सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा

पिछले दिनों कस्बा बागरोद मंडी में एक फर्म का 15 बोरी सोयाबीन की चोरी हुई थी। जिसमें पुलिस ने तत्परता दिखाई और चोरों को जल्दी से जल्दी गिरफ्तार किया। पूछताछ में चोरों ने अपना जुल्म भी कबूल किया। जिससे गल्ला व्यापारियों में उत्साह का माहौल है। व्यापारियों का कहना था कि पुलिस ने बहुत ही ईमानदारी से अपना दायित्व निभाया है, इससे चोरों में पुलिस के प्रति डर का माहौल बना। व्यापारियों ने एवं मंडी प्रभारी ने मिलकर एसडीओपी मनोज मिश्रा एवं त्योंदा थाना प्रभारी गौरब बाजपेई का सम्मान किया।

इस अवसर पर मंडी प्रभारी एवं व्यापारियों ने शाल, श्रीफल एवं माला पहनाकर सम्मान किया। इस मौके पर एसडीओपी ने बताया कि हमेशा कहीं पर भी कोई चोरी हो या किसी भी प्रकार की कोई घटना हो पुलिस को तुरंत ही सूचित करो। जिससे पुलिस जल्दी से जल्दी घटना स्थल पर पहुंच सके और कार्रवाई कर सके। इस मौके पर मंडी प्रभारी रूप सिंह ठाकुर, ट्रक ट्रांसपोर्ट अध्यक्ष हेमंत शर्मा, व्यापारी नीरज दुबे, विक्रम कुमार यादव, अरविंद कुमार साहू, अंकित कुमार शर्मा, राजा अग्रवाल, भारत यादव, सत्येंद्र सिंह ठाकुर, रामस्वरूप सोनी, कपूर सिंह, प्रशांत पाठक, अनिल ठाकुर सहित समस्त स्टाफ का सम्मान किया गया।

## कार्यकारिणी गठित



**गंजबासौदा।** रविवार को वार्ड क्रमांक 4 में अहिरवार समाज की बैठक माता खेड़ापति के मंदिर पर आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से वार्ड की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष मनीष अहिरवार, उपाध्यक्ष मीनू अहिरवार, राहुल दिवाकर, सचिव मनोज महोबिया, कोषाध्यक्ष प्रमोद महोबिया को बनाया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को मिठाई खिलाकर पुष्पमाला पहनाकर बधाई दीं। इस अवसर पर देवीलाल अहिरवार, छोटेलाल अहिरवार, अशोक अहिरवार, पार्षद प्रतिनिधि मणिभाई अहिरवार, आलोक अहिरवार, विनोद अहिरवार, महेंद्र अहिरवार, मुन्नालाल अहिरवार, पूरनलाल नरेंद्र अहिरवार, विशाल, सुमित, अभिषेक, देवेंद्र, पवन पटवारी, राजू अहिरवार, राजा अहिरवार, जसवंत, राज, रितिक, प्रमोद, प्रशांत, पन्नालाल अहिरवार सहित अनेक समाजबंधु मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### निःशुल्क आयुर्वेद व योग निदान शिविर 27 को

**सागर।** निःशुल्क शिविर स्व. डॉ. सोमेश्वर नाथ शुक्ल एवं शांति देवी शुक्ल की स्मृति में 27 दिसंबर दिन बुधवार, समय सुबह 09 बजे से दोपहर 12 बजे तक। निःशुल्क आयुर्वेद एवं योग निदान, ब्लड कोलेस्ट्राल एवं निःशुल्क रक्त शर्करा परीक्षण शिविर का आयोजन शिवोम सोम शांति चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र, 5 सिविल लाइंस सागर में किया गया है। इच्छुक व्यक्ति 26 दिसम्वर तक डॉ. राजेश शुक्ला से सम्पर्क कर सकते हैं एवं इस शिविर का निःशुल्क लाभ ले सकते हैं।

### श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश

**गौरझामर।** श्री देव जानकी रमण शाला मंदिर गौरझामर में स्थापित थे कलश जिनका पूजन करने के पश्चात गाजे-बाजे के साथ गौरझामर नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, एवं कलश वितरण किए गए । जिसमें समस्त हिंदू समाज हर्ष उल्लास के साथ सम्मिलित हुआ। साथ ही अभियान के जिला संयोजक पवन विश्वकर्मा एवं शिवम उपस्थित रहे एवं सोमपाल, लकी, राज, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष वैभव सिंह करण भी उपस्थित रहे।

## देखरेख के अभाव में नष्ट हो रहा एतिहासिक स्थल

# अविभाजित भारत का केंद्र बिंदू है भूरी टोरी, खो रहा अपना अस्तित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

अविभाजित भारत का केन्द्र बिन्दू रहा भूरी टोरी देखरेख के अभाव में नष्ट होता जा रहा है। किसी जमाने में अंग्रेज यहां आकर तारा मंडल का अध्ययन करते थे, लेकिन आज यह एतिहासिक स्थल बदहाली का शिकार है। क्षेत्र के पुरातत्व प्रेमी इस स्थल को संरक्षित कर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का सपना सजोकर रखे है।

दुर्भाग्य की बात तो यह है कि इस धरोहर को पर्यटन स्थलो की श्रेणी में तो रखा गया। साथ ही विगत कई वर्ष पहले इसे संवारने के लिये राषि भी स्वीकृत की गई थी, लेकिन बाउन्ड्री बाल व पॉवर ब्लेक में ही कार्य सिमट कर रह गया। फिलहाल अविभाजित भारत का केन्द्र बिंदू असामाजिक तत्वों का डेरा बना हुआ हैं। आजादी के पूर्व सिरोंज व्यापारिक दृष्टिकोण से ही समृध्द नही था, बल्कि कई अन्य विषेषताओं के लिये भी इसकी एक अलग पहचान थी। इन्ही विषेषताओं में भूरी टोरी शामिल है। सिरोंज से लगभग 4 किलोमीटर दूर आरोन गुना रोड़ कल्याण पुर की पहाड़ी पर स्थित भूरी टोरी को उस समय अविभाजित भारत का केन्द्र बिंदू माना जाता था।



### पर्यटकों को नहीं है अता पता

जिन लोगों को इस स्थान का महत्व ज्ञात हैं, वे आज भी यहां आते हैं। वर्तमान में इस स्थान पर कमरेनुमा आकृतियां बनी हुई है। अनदेखी के चलते बाउन्ड्री बाल के अंदर प्रांगण में भी झाड़ियां है। इस स्थान का प्रचार प्रसार भी नही किया जाता। जिससे नए पर्यटको को इसके महत्व की जानकारी नही है।

### अंग्रेजों ने किया था आकाशगंगा का अध्ययन

*जानकारी अनुसार वर्ष 1840 में अंग्रेजो ने सिरोंज को सर्वे सेंटर बनाया था। भूरी टोरी पर अंग्रेजो ने आकाष गंगा का अध्ययन करने के लिए यहॉ कुछ विषेष प्रकार की मषीने भी लगाई थी। तब मैजर सेंपटन और कर्नल एवरेस्ट ने यहॉ सर्वे का कार्य किया था, आजादी के बाद एक बार भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण का दल आया था। लेकिन उसके बाद यहॉ केन्द्र और राज्य सरकार ने ध्यान नही दिया। जिससे यह स्थल धीरे धीरे उपेक्षा का षिकार हो गया।*

### बन सकती है वेधशाला

*क्षेत्र के जानकारो का कहना है कि सरकार के सहयोग से यहां वेधशाला विकसित की जा रही है। जहां से वैज्ञानिकों को खगोलीय गणनाएं करने में सुविधा होगी। साथ ही इस स्थान को संरक्षित कर पर्यटन स्थल के रूप में सही ढंग से विकसित किया जा सकता है।*

# बेजुवान जानवरों की देखभाल करना सभी का है कर्तव्यः साहू

## बेजुवान जानवरों की प्यास बुझाने के लिए कुआं व हैंडपंपों के आसपास नपा बनाएगी होदिया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

सर्दी हो या भीषण गर्मी मनुष्य तो अपने लिए पीने के पानी की व्यवस्था कर ही लेता है। लेकिन बेजुबान जानवर अपने प्यास बुझाने के लिए दर दर भटकने के बाद नालियों का पानी पीने के लिए मजबूर हो गए है। अधिकतर देखा जा रहा है कि नगर के अवारा घूमती गाय व अन्य जानवर पानी पीने के लिए गंदे पानी की नालियों का सहारा ले रहे है।

वही इन जानवरो के लिए यदि चौक चौराहो पर पीने के पानी की व्यवस्था हो तो इन जानवरो को नालियों का पानी नही पीना पडेगा। वही जब इस संबध ने नगर पालिका सीएमओ राम प्रकाष साहू से चर्चा की तो उन्होने बताया कि बेजुबान जानवरो को पीने के पानी के लिए यहा वहा न भटकना पडें। इसके लिए नपा ने एक कार्ययोजना तैयार की है जल्द ही नगर के समस्त कुओं व हैण्ड पम्पो के आसपास नपा द्वारा जानवरो को पानी पीने के लिए होदिया बनाई जाएगी। जिससे कि बेजुवान जानवरो को साफ व स्वच्छ पानी मिल सकें और उनको नालियों का गंदा पानी पीने से रोका जा सकें।

### जानवर भी हमारे समाज का अहम हिस्सा है

*नगर पालिका सीएमओ राम प्रकाश साहू ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा कि जानवर भी हमारे समाज का एक अहम हिस्सा हैं। इनकी प्यास बुझाना भी हमारा कर्तव्य है ये हमारे पर्यावरण को भी संतुलित बनाए रखने में सहायक होते हैं। जानवर मन से सच्चे होते हैं। उनमें भी भावनाएं होती हैं। जानवरों को प्रेम और स्नेह चाहिए, क्योंकि ये बहुत ही कोमल व संवेदनशील होते हैं। इंसान लालच में इतना अंधा हो गया है कि उसे अपने फायदे के आगे कुछ भी नहीं दिखता। बेजुबान जानवर और इंसान के बीच का रिश्ता बेहद खास होता है। हम इंसान जानवरों को प्यार देते हैं, तो वे इसके बदले वफादारी के साथ हमारी सुरक्षा करते हैं। पर ये बातें सिर्फ वहीं लोग समझ सकते हैं, जिन्हें उनसे लगाव और प्यार होता है। कई मौके ऐसे आए, जब इंसान के प्यार ने बेजुबान पशुओं की जान बचाकर मानवता का धर्म निभाया। पर्यावरण को संतुलित रखने में पेड़-पौधों के साथ ही पशु-पक्षियों की भूमिका भी अहम है। मनुष्य के अत्यधिक हस्तक्षेप के कारण इनकी संख्या कम होती जा रही है। यदि हम जल्द नहीं चेते तो स्थिति भयावह हो सकती है। कीटनाशकों के बढ़ते प्रयोग से जहां पक्षियों की संख्या कम होती जा रही है, वहीं कुछ प्रजातियां तो विलुप्ति के कगार पर पहुंच चुकी हैं।*

### प्यार और लगाव बखूबी बयां करते हैं जानवर

श्री साहू ने कहा कि नगर में ऐसे कई नागरिक है जिन्होने कई बेजुवान जानवर जैसे कि कुत्ता, बिल्ली को ऐसे अपना लिया है कि वे उन्हें अपने घर-परिवार का बेहद अहम हिस्सा मानते हैं। कई लोग ऐसे भी हैं जो जानवरों को अपने बच्चे मानते हैं और वे उनका पालन-पोषण वैसे ही करते है, जैसे कि इंसानी बच्चों का किया जाता है। उन्हें दाना पानी रखना चाहिए। जानवर भी भगवान का बनाया हुआ रूप है। इसलिए हमें उनके साथ अच्छे से रहना चाहिए। आज जानवर सड़कों पर लावारिसों की तरह फिरते रहते है। कोई इंसान किसी जानवर को पालता है तो अपने लालच के लिए अगर वह बीमार हो जाए या वह जानवर अपने मालिक को वह फायदा नहीं दे पा रहा हो जो उसका मालिक उससे अपेक्षा कर रहा है तो उसका मालिक उससे असंतुष्ट हो जाता है और उससे छुटकारा पाने के लिए या तो उसे को बेच देता है या फिर उसे कही लावारिस छोड़ देते है।

# न्यू चिल्ड्रन्स पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल ने मनाया रजत जयंती वर्ष

### छोटे-छोटे बच्चों की प्रस्तुतियों ने खींचा सभी का ध्यान









हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

न्यू चिल्ड्रन्स पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल डंडापुरा ने शहर की पॉश कॉलोनी अनुपम मेगा सिटी के हरदौल गार्डन में रविवार को अपना 25वां स्थापना दिवस स्कूल के वार्षिकोत्सव के रूप में मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी गोविंद राठी, पूर्व प्राचार्य शासकीय उच्चतर महा विद्यालय चारू सक्सेना, वरिष्ठ पत्रकार (भोपाल) सतीश सक्सेना, प्रवीण सक्सेना, संस्था के कोषाध्यक्ष रवि चतुर्वेदी, ऋषि श्रीवास्तव के साथ सैकड़ों स्कूली बच्चे और उनके पालकगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन के साथ शुरू हुआ। इस दौरान स्टाफ की मान्या शर्मा, सुनयना शर्मा एवं उनकी सहयोगियों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अगले क्रम में स्कूल की प्राचार्य वंदना शर्मा ने अपने स्वागत भाषण में स्कूल के 25 वर्षो की उपलब्धियों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। इसके बाद इन 25 वर्षों में विशेष उपलब्धि पाने वाले पूर्व छात्र-छात्रा जिन्होंने न केवल स्कूल बल्कि प्रदेश का भी नाम रोशन किया उनका सम्मान किया गया। इनमें मध्य प्रदेश प्रथम टॉपर मुस्कान मालवीय , रौनक जैन, नमन शर्मा, सीए प्रभजोत सिंह, सहित समस्त 80% से ऊपर अंक लाने वाले विद्यार्थी एवं उनके पालक शामिल रहे। इसके बाद शुरू हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम में बहुत छोटे बच्चों ने विभिन्न गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किए जो सर्वाधिक आकर्षण का केंद्र बने। इसके साथ ही रामायण एवं हनुमान चालीसा का मंचन कर बच्चों ने बहुत सुंदर सुंदर प्रस्तुति दी। इसके अलावा सभी राज्यों के लोकगीतों कालबेलिया, बुंदेलखंडी, राजस्थानी घूमर, असम बिहू, आदिवासी नृत्य की बच्चों ने प्रस्तुति दी। स्कूल के डायरेक्टर अशोक शर्मा एवं उप प्राचार्य शुभम शर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# योगाचार्य डॉ श्याम को मिला वर्ष का पतंजलि योग सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

देश के योगाचार्यो को कानपुर में 23 दिसम्बर को एक भव्य कार्यक्रम में इंटरनेशनल प्राइम योगा एवार्ड से सम्मानित किया गया। योग में अनुसन्धान और समाज में योग से सम्बंधित सेवाओं के लिए दिया जाने वाला महर्षि पतंजलि योग सम्मान इस वर्ष विदिशा के योगाचार्य डॉ श्याम सिंह को प्रदान किया गया है।

डॉ श्याम सिंह विदिशा जिले के लिए शासन द्वारा गठित योग समिति के अध्यक्ष, योग और प्राकृतिक चिकित्सा परिषद के उपाध्यक्ष तथा भारतीय योग अनुसन्धान केन्द्र भोपाल के मानद प्रधान योग शिक्षक भी हैं। इंडियन थेरेपिस्ट एसोसिएशन द्वारा आयोजित किया जाने वाला यह विश्व में अपनी तरह का अकेला समारोह है। कानपुर के ऐतिहासिक मर्चेंट परिसर में आयोजित इस समारोह में देश के 22 प्रांतों के सेकड़ों योगाचार्य उपस्थित थे। डॉ श्याम सिंह द्वारा सूर्य नमस्कार की तरह के हनुमान नमस्कार, मृत्युन्जय नमस्कार, गायित्री नमस्कार आदि 9 विशेष योगिक नमस्कारों का अविष्कार किया गया है। योग में इस योग दान के अलावा,पतंजलि के योग पर अनवरत लेख प्रकाशित करने,और योग की नेट परीक्षा में हेटट्रिक दर्ज करने जैसी विशेष योग्यताओं को देखते हुए चयन समिति द्वारा इस प्रमुख सम्मान के लिए श्याम सिंह का चयन किया गया। समारोह में योग पर दो दर्जन से अधिक पुस्तकें लिखने के लिये योग ऋषि डॉ ओम प्रकाश आनंद को भी घेरण्ड सम्मान से विभूषित किया गया। इस अवसर पर योग में उल्लेखनीय सेवाओं के लिये भी कई अन्य हस्तियों को भी विशेष सम्मानों से नवाजा गया। श्याम सिंह की सेवाओं के लिए पूरे सदन ने खड़े होकर अभिवादन किया। योग के इस गौरवपूर्ण पतंजलि योग सम्मान से विभूषित होने पर योग शिरोमणि गोपाल ,योगी योगानंद सहित कई योग विभूतियों ने डॉ श्याम जी को बधाइयां प्रेषित कीं हैं।

# मंडी बायपास रोड पर फूटी पानी की पाइप लाइन, नालियों में बहा हजारों लीटर पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

इस वर्ष बारिस कम होने के कारण पहले से ही सिरोंजवासियों व स्थानीय प्रषासन को शहर में जल संकट न गहराए इसकी चिंता सता रही है। वही नगर के मण्डी बायपास रोड पर भारी वाहनों के आवागमन के चलते सोमवार को उक्त सड़क के नीचे बिछी पानी की पाइप लाइन अचानक फोड़ और हजारो लीटर पानी नालियों में बह गया।



वही मण्डी बायपास पर पानी की पाइप लाइन फूटने की खबर नपा सीएमओ राम प्रकाष साहू को लगी तो उन्होने तत्काल नपा इंजीनियर रोहित सिंह तोमर व नपा कर्मचारियों को मौके पर भेजा। वही नपा इंजीनियर रोहित सिंह तोमर ने बताया कि सोमवार को मण्डी बायपास रोड व पालीवाल कॉलोनी दो स्थानो पर पाइप लाइन फूटने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने के तुरंत बाद ही नपा कर्मचारियों को उक्त स्थानों पर भेजकर पानी की फूटी पाइप लाइनों को सही कराया गया।

## धार्मिक भजनों पर कड़ाके की सर्दी में भाव विभोर हुए श्रद्धालु



**बरेली।** हॉकी दशहरा मैदान में खाटू श्याम जी का भव्य दरबार सजाया गया। गीत संगीत, भजनों की धार्मिक सभा में कड़ाके की सर्दी से सामना करते हुए भारी संख्या में श्रद्धालु देर रात्रि तक भजनों का आनंद उठाते रहे। भजनों पर नृत्य और भाव विभोर होकर जयकारे लगाते रहे। खाटू श्याम के दरबार में इंदौर के शुभम राना के साथ भजन गायिका भावना पवार तिवारी सिस्टर्स भोपाल के द्वारा एक से बढ कर एक धार्मिक भजनों, गीतों की प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रोताओं को भाव विभोर एवं मनमोह लिया। खाटू श्याम जी का भव्य आलौकिक दरबार लगाये जाने के साथ छप्पन प्रकार के व्यंजनो का भोग, इत्र वर्षा के भी कार्यक्रम हुए। कडाके की सर्दी में आधी रात्रि तक हजारो श्रोता भजन संध्या कार्यक्रम में उपस्थित बने रहे।

# पहली बार में चुनाव जीते नरेन्द्र पटेल के राज्यमंत्री बनने पर कार्यकर्ताओं में खुशी

## 20 साल बाद वापस आया मंत्री पद, 43 हजार मतों से जीता था चुनाव



**बरेली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ग्रहमंत्री अमित शाह हैं, तो कुछ भी संभव है। जैसा तीन राज्यों के विधानसभा चुनावों में ऐतिहासिक जीत दर्ज की वही तीनों राज्यों के मुख्यमंत्री के रूप में नये चेहरे सामने आए। ऐसा ही चमत्कार उदयपुरा-बरेली विधानसभा में हुआ।

भाजपा के नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने पहली बार विधानसभा का चुनाव लड़ा और 43 हजार से अधिक मतों से जीत दर्ज की। 20 दिनों में भाजपा कार्यकर्ताओं को दूसरी बड़ी उपलब्धि मिली। पहल बार बने विधायक नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने सोमवार को राजभवन में राज्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की। 2008 से पूर्व बरेली-उदयपुरा अलग-अलग विधानसभा हुआ करती थी। जब बरेली विधानसभा थी। तब कांग्रेस के ठा. जसवंत सिंह प्रदेश सरकार में केबिनेट मंत्री रहे। विधानसभा का परिसीमन हुआ, बरेली विधानसभा होकर उदयपुरा विधानसभा में मिल गई और सरकार भाजपा की रहने के बाद कांग्रेस, भाजपा के एक-एक बार विधायक चुने जाते रहे। दो दशकों तक बरेली क्षेत्र मंत्री विहीन रहा। लंबे अंतराल के बाद बरेली में जन्मा और शिक्षा प्राप्त करने वाले नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने पहली बार चुनाव लड़ा और चुनाव जीता और राज्य मंत्री बन कर क्षेत्र की राजनीति के इतिहास में अपना नाम चमत्कारी उपलब्धी के रूप में दर्ज करा लिया है।

# विधिक साक्षरता, जागरूकता शिविर में ग्रामीणों को दी कानूनी और नियम संबंधी जानकारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लटेरी

थाना परिसर में विधिक साक्षरता, जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लटेरी के एडीजे कुलदीप नामदेव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ एडीजे कुलदीप नामदेव को पुष्पमाला पहनाकर किया गया।




विधिक सेवा प्राधिकरण में पैरालीगल वालंटियर रामगुलाम राजोरिया ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए अपने अधिकारों के बारे में प्रकाश डाला। न्यायिक मजिस्ट्रेट कुलदीप नामदेव ने विभिन्न स्थानों से पधारे आमजन को संबोधित करते हुए उनको अधिकारों के बारे में बताया। साथ ही ड्राइविंग लाइसेंस एवं वाहनों के बीमा पर विशेष बल दिया और नाबालिग बच्चों को वाहन न चलाने के लिए पालकों को समझाया। तहसील में विधिक सेवा समिति न्यायालय परिसर में होने की जानकारी दी। न्याय से सबंधित आने वाली परेशानियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। अजय मिश्रा एसडीओपी लटेरी ने भी अपने विचार रखे और लोगों को विधिक साक्षरता के बारे में जागरूक किया। लटेरी टीआई बलवीर सिंह गौर ने भी विधिक जागरूकता शिविर पर अपने विचार रखें।

### कलश शोभायात्रा के साथ प्रारंभ हुई सात दिवसीय भागवत कथा

**बरेली।** प्रेमनगर कालोनी में सात दिवसीय संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। कथा से पहले काली मंदिर से कलश शोभायात्रा निकाली गई। जिसका स्थान-स्थान पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। कथा के प्रथम दिवस कथा व्यास पं. मनोज शास्त्री ने भागवत कथा सत्संग के महत्व की महिमा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा मरना और कैसे जीवन जीना है दोनों सिखाती है। कथा का अमृत पान कर मनुष्य अपना जीवन धन्य कर सकते है। यह कथा रूपी अमृत केवल मनुष्यों को प्राप्त होने का सौभाग्य मिला है। कथा का आयोजन प्रेम नगर में निवास करने वाले श्रीवास्तव परिवार द्वारा किया जा रहा है।

# शासन प्रशासन अपना काम कर रहा है पर आमजन की सहभागिता और जागरूकता बहुत जरूरीः विधायक टंडन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुलाबगंज

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायत झिरनिया एवं बरखेड़ा गंभीर में कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें स्वास्थ्य विभाग,आजीविका मिशन, कृषि विभाग, महिला बाल विकास आदि द्वारा स्टॉल भी लगाए गए।



सर्वप्रथम अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजन कर मुख्य अतिथियों ने लाभार्थियों को प्रधानमंत्री उज्वला योजना गैस कनेक्शन दिए। मंच पर भाजपा के जन प्रतिनिधियों ने केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वपूर्ण जनहितेशी योजनाओं की जानकारी दी। नवनिर्वाचित विधायक मुकेश टंडन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि देश की गरीब जनता तक योजनाओ का लाभ पहुंचे, हमारे बीच में मोदी की गारंटी का रथ आया है जो पूरे विधानसभा क्षेत्र में घूम रहा है। केंद्र सरकार ने विगत वर्षों से जनता के हित में जो काम किए है। इसी को लेकर देश भर में विकसित भारत यात्रा निकाली जा रही है। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने अपने-अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान मंडल अध्यक्ष प्रतीक कंग, जनपद अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि ब्रजेश लोधी इत्यादि कार्यकर्ता एवं तहसीलदार कैलाश नारायण ओझा, जनपद सीईओ जितेंद्र जैन के अलावा समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारी और सरपंच सचिव जन अभियान परिषद् व मुख्यमंत्री सेवा मित्रों की टीम साथ रही।

## क्रिसमस की छुट्टी पर बड़ी संख्या में कर्क रेखा पर पहुंचे पर्यटक, सेल्फी प्वाइंट बना आकर्षण का केंद्र

# 'हो जाए एक सेल्फी मेरी भी' कर्क रेखा स्थल पर बोलते हुए नजर आए पर्यटक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

हो जाए एक सेल्फी मेरी भी कुछ इस तरह से पर्यटक कर्क रेखा स्थल पर बोलते नज़र आए। सोमवार को जिले के प्रसिद्ध सेल्फी पॉइंट कर्क रेखा पर अलग ही नज़ारे देखने को मिले यहां पर क्रिसमस की छुट्टी होने के चलते काफी तादाद में पर्यटक अपने परिवार के साथ सेल्फी लेने पहुंचे थे।भोपाल-विदिशा स्टेट हाइवे 18 रोड पर सलामतपुर से लगभग 8 किलोमीटर दूर पर्यटक स्थल कर्क रेखा पर इन दिनों सैल्फी प्वाइंट बना हुआ है।

यहां से निकलने वाला हर व्यक्ति यहां पर सेल्फी लेना नहीं भूलता। सोमवार को क्रिसमस की छुट्टी होने के चलते यहां पर पर्यटकों की भारी भीड़ कर्क रेखा स्थल पर परिवार के साथ सेल्फी लेने पहुंची। ये पर्यटक और राहगीर भोपाल, विदिशा, सीहोर, बैरसिया और रायसेन जिले से बड़ी संख्या में कर्क रेखा पर पहुंचे। कर्क रेखा स्थल इसलिए भी प्रसिद्ध है क्योंकि यहां पर हर वर्ष 21 जून को दोपहर के 12 बजे व्यक्ति को अपनी परछाई भी नहीं दिखती



और परछाई भी साथ छोड़ देती है। हम बचपन से यह कहावत सुनते आ रहे हैं कि कोई साथ हो न हो, आदमी का साया हमेशा उसके साथ रहता है, लेकिन 21 जून को कर्क रेखा क्षेत्र में आदमी का साया भी उसका साथ छोड़ देता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि कर्क रेखा स्थल पर 21 जून को दोपहर 12 बजे सूर्य की किरणें 90 डिग्री लंबवत पड़ने के कारण खड़े व्यक्ति की परछाई ही नहीं बनती। इसलिए कर्क रेखा क्षेत्र को नो शैडो जोन भी कहा जाता है। जिस कर्क रेखा को हमने बचपन से भूगोल में पढ़ा है और ग्लोब पर जिसे देखा है उस स्थान पर ठहरना अपने आप में एक सुखद अनुभूति है। कर्क रेखा मध्यप्रदेश में भोपाल से 25 किलोमीटर दूर उत्तर से निकलती है। जहां से यह गुजरती है वह स्थान भोपाल विदिशा स्टेट हाईवे-18 पर रायसेन जिले के सलामतपुर दीवानगंज के मध्य स्थित है। कर्क रेखा को चिन्हांकित करने के लिये उस स्थल पर राजस्थानी पत्थरों से चबूतरानुमा स्मारक बनाया गया है। यह स्थान रायसेन जिले का सबसे आर्कषक सेल्फी पाइंट है। यहां से निकलने वाला प्रत्येक व्यक्ति सेल्फी लिए बिना आगे नहीं बढ़ता। यह रेखा पृथ्वी पर उन पांच प्रमुख अक्षांश रेखाओं में से एक है जो पृथ्वी के मानचित्र पर प्रदर्षित की जाती हैं। कर्क रेखा पृथ्वी की उत्तरीय अक्षांश रेखा हैं जिस पर सूर्य दोपहर के समय लम्बवत होता है। 21 जून को जब सूर्य इस रेखा के एकदम ऊपर होता है उत्तरी गोलार्ध में वह दिन सबसे लंबा व रात सबसे छोटी होती है।



**भारत के इन शहरों और राज्यो से गुजरती है कर्क रेखा**

23.32 डिग्री उत्तरी अक्षांष कर्क रेखा मध्यप्रदेश के रायसेन, विदिशा, सागर, दमोह, कटनी, उमरिया, शहडोल और जबलपुर जिलों से गुजरती है। जिन स्थानों से यह रेखा गुजरती है वहां ग्रीष्म ऋतु की अवधि शीत ऋतु से अधिक होती है। दक्षिण अफ्रीका के सहारा मरूस्थल का अधिकांश हिस्सा कर्क रेखा पर होने के कारण यहां का तापमान सबसे अधिक होता है। कर्क रेखा मध्यप्रदेश के अलावा गुजरात राजस्थान छत्तीसगढ़ झारखंड पष्चिम बंगाल मिजोरम राज्यों से निकलती है।

### इन देशों से होकर गुजरती है कर्क रेखा

संयुक्त राज्य अमेरिका (हवाई-केवल सागर कोई भी द्वीप इस रेखा पर नहीं है) मैक्सिको में मजातलान (प्रशांत महासागर के उत्तर में) बहामास पश्चिमी सहारा (मोरोक्को द्वारा दावा किया गया) मौरीटानिया माली अल्जीरिया नाइजर लीबिया चाड मिस्त्र सऊदी अरब संयुक्त अरब इमारात ओमान भारत बांग्लादेश म्यांमार चीन (मात्र गुआंगजोऊ के उत्तर से) तथा ताइवान से होकर निकलती है।

### आकर यहां अच्छ लगा

में सोमवार को अपने परिवार के साथ भोपाल से कर्क रेखा स्थल पर सेल्फी लेने आया था। यहां पर आकर बहुत अच्छा लगा। शासन प्रशासन को यहां पर पर्यटकों के लिए और व्यवस्थाएं करनी चाहिए

-**विशाल शर्मा,** कोलार भोपाल।



# घने कोहरे के कारण हुआ हादसा, बस को बचाने के चक्कर में पलटा ट्रक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर/दीवानगंज

सोमवार सुबह सलामतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भोपाल विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर घने कोहरे के कारण एक हादसा हो गया। दुर्घटना में इंदौर से पटना किराने का सामान लेकर जा रहे ट्रक चालक ने सामने से आ रही यात्री बस को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पलट गया।

हालांकि ट्रक पलटने में ड्राइवर क्लीनर को कोई चोट नहीं आई है। वहीं सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। दीवानगंज चौकी प्रभारी बीरबल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार को सुबह घने कोहरे के कारण इंदौर से पटना किराने का सामान लेकर जा रहा ट्रक सामने से आ रही बस को बचाने में नियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में किसी को कोई चोट नहीं आई है। आगे की कार्रवाई की जा रही है। भोपाल विदिशा नेशनल हाइवे 146 और स्टेट हाइवे 18 पर सड़क हादसे रुकने का नाम ही नही ले रहे हैं। इन रोज़ होने वाले हादसों की वजह से ही अब इस सड़क को खूनी सड़क भी कहा जाने लगा है। स्थानीय ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से स्टेट हाइवे 18 को फ़ोर लाइन करने की मांग की है।

### संकेतक बोर्ड नहीं

नेशनल हाइवे 146 और स्टेट हाइवे 18 पर यातायात का अत्यधिक दवाब रहता है। जिसकी वजह से भी दुर्घटनाएं हो रही हैं। यहां पर सुरक्षा की दृष्टि से कोई भी संकेतक बोर्ड नही लगाए हैं। इसीलिए यहां पर आए दिन हादसे बढ़ रहे हैं। इस सड़क को शीघ्र ही 4 लाईन किया जाए। लोग तो अब इस सड़क को खूनी सड़क भी कहने लगे हैं।

-**रघुवीर मीणा,** सरपंच ग्रा.पं. रातातलाई।

# कार्यकर्ताओं व मतदाताओं के बीच पहुंचे पूर्व भाजपा विधायक रामपाल सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

विधानसभा चुनाव में पराजित होने के बाद भी भाजपा कार्यकर्ताओं की होंसला अफजाई करने व मतदाताओं से जीवंत संबंध बनाए रखने तथा उनकी समस्याओ से रुबरु होने के लिए पूर्व मंत्री रामपाल सिंह लगातार ग्रामों का भ्रमण कर मतदाताओं व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त कर रहे है।

प्रतापगढ़ ग्राम में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंत्री रामपाल सिंह ने कहा कि विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं ने निष्ठा के साथ रात दिन मेहनत की है वे सभी बधाई के पात्र है। कार्यकर्ताओं और मतदाताओं का में आभार व्यक्त करता हूं। कार्य करने में जो कमियां रह गई है उन्हें दूर किया जाएगा।



कार्यकर्ता बे झिझक क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करेंए प्रदेश में सरकार भाजपा की है। पूर्व विधायक रामपाल सिंह ने रविवार को चुनाव की समीक्षा करते हुए कार्यकर्ताओं से कहा कि सिलवानी विधानसभा में किन कारणों से लोगों की उम्मीदों पर खरे नहीं उतर सके है उसका चिंतन कर समाधान करेंगे। निष्ठावान कार्यकर्ताओं का सम्मान बरकरार रहेगा। हर संभव कार्यकर्ताओं की मदद की जाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को विश्वास दिलाया कि हम हर समय कार्यकर्ताओं के साथ थे और हमेशा रहेंगे। इस दौरान मंडल अध्यक्ष दीपक सिंह रघुवंशी मंडल के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ, कनिष्ठ कार्यकर्ता व महिला मोर्चा, युवा मोर्चा के कार्यकर्ता गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# बम्होरी पुलिस ने 6 दिन में किया युवक की हत्या का खुलासा

## आरोपी बोलाः पत्नी पर गलत नियत रखता था इसलिए उतारा मौत के घाट, 7 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

पत्नि पर गलत नजर रखने के शक में एक युवक की हत्या कर फरार हुए आरोपियो को बम्होरी पुलिस ने मात्र 6 दिन में गिरफ्तार कर हत्या कांड का खुलासा कर दिया। हत्या का कारण मृतक के द्वारा आरोपी की पत्नि पर गलत नजर रखता था।

एसडीओपी अनिल मौर्य ने बताया कि बम्होरी थानांतर्गत रिमझा ग्राम में लेखराज केवट के साथ गांव के ही प्रहलाद केवट, धनीराम केवट, गोपाल केवट, शोभाराम केवट रघुवीर केवट तथा धर्मेंद्र केवट के द्वारा मारपीट जिससे वह घायल हो गया। मारपीट में युवक के घायल हो जाने पर आरोपी उसी की बाइक से ही घायल को सिलवानी अस्पताल लाए जहां चिकित्सक ने बताया कि धायल लेखराज की मौत हो गई है। तव आरोपी लेखराम को अस्पताल में ही छोड़ कर भाग गए। मृतक के भांजे संदीप पिता भगवत सिंह केवट की रिपोर्ट




पर बम्होरी पुलिस ने आरोपी गणो के विरूद्ध हत्या सहित अन्य धाराओ में प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया। पीएम रिपोर्ट में मृतक की मौत गला दबा कर होना पाया गया।

### पत्नि पर बुरी नजर रखने के शक में की हत्या

आरोपी शोभाराम केवट को शक था कि मृतक लेखराम केवट उसकी पत्नि पर गलत नजर रखता है। इसी बात पर से आरोपी शोभाराम ने अपने ससुर प्रहलाद केवट, साले गोपाल केवट, धनीराम केवट एवं साथी रघुवीर केवट, धर्मेंद्र केवट, महेंद्र केवट के साथ मिल कर मारपीट कर गला दबा कर हत्या कर दी। आरोपियो को गिरफ्तार करने में पुलिस की रही सक्रिय भूमिका - हत्या की वारदात को अजाम देकर फरार हुए नामजद आरोपियो की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक विकास सहवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, कमलेष खरपूसे तथा एसडीओपी अनिल मौर्य के निर्देशन में बम्होरी थाना प्रभारी अमर सिंह धाकड़ के द्वारा प्रकरण में विवेचना की जाकर कड़ी मषक्क्त के बाद आरोपी प्रहलाद पिता इमरत लाल केवट, गोपाल केवट पिता प्रहलाद केवट, धनीराम केवट पिता प्रहलाद केवट, शोभाराम केवट, पिता सीताराम केवट,रघुवीर केवट पिता गनेश केवट, धर्मेंद्र केवट पिता भोलाराम केवट तथा महेंद्र केवट पिता नारायण केवट को गिरफ्तार किया।

आरोपियो की गिरफ्तारी में बम्होरी थाना प्रभारी अमर सिंह धाकड़, सउलिन दिनेष झरबड़े, राजेष्वर पाण्डेय, प्रधान आरक्षक जितेंद्र सिंह, विकास भदौरिया,आरक्षक वीरेंद्र सिंह, गौरव, संदीप, सैनिक सिद्वार्थ एवं सायबर सेल रायसेन के सुरेंद्र सिंह की सक्रिय भूमिका रही।

# जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

## *शिविर लगाकर हितग्राहियों को किया जा रहा लाभान्वित, योजनाओं की दी जा रही जानकारी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

प्रदेश के साथ ही रायसेन जिले में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जा रही है। सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा सिलवानी विकसखण्ड की ग्राम पंचायत पड़रियाखुर्द तथा कीरतपुर में, बेगमगंज विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पलोहा तथा हप्सिली में, गैरतगंज विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पेनगवां तथा गुंदरई में, उदयपुरा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत केकडा तथा पतई में, औबेदुल्लागंज विकासखण्ड की ग्राम पंचायत मगरपूंछ तथा खसरोद में, बाड़ी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत उदयगिरी, मेहरगांवकला, पांजरा विजयसिंह तथा मगरधा में और सांची विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत मेढ़की तथा पग्नेश्वर में पहुंची।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के इन ग्राम पंचायतों में पहुंचने पर आयोजित किए गए।



शिविरों के प्रारंभ में जनप्रतिनिधियों द्वारा आईईसी वैन (प्रचार रथों) का तिलक लगाकर स्वागत किया। इसके उपरांत शिविरों में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं तथा कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। साथ ही पात्र हितग्राहियों को योजनाओं के हितलाभ भी वितरित किए गए। शिविरों में आईईसी वैन द्वारा एलईडी के माध्यम से शासन की विभिन्न संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदर्शित की गई। इसके अतिरिक्त शिविरों में पूर्व में शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने वाले हितग्राहियों द्वारा मेरी कहानी-मेरी जुबानी अंतर्गत योजना का लाभ पाने के बाद जीवन में आए बदलावों और आर्थिक उन्नति के बारे में अवगत कराया गया। शिविरों में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। साथ ही सूर्यनमस्कार सहित योग आसनों का भी प्रदर्शन किया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत ग्राम पंचायतों में स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं। जिनमें स्वास्थ्य विभाग और आयुष विभाग द्वारा ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए आवश्यक परामर्श और उपचार भी किया जा रहा है। साथ ही आयुष्मान भारत सहित अन्य योजनाओं की जानकारी देते हुए आयुष्मान कार्ड और आभा आईडी बनाने हेतु आवेदन भी प्राप्त किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त कृषि विभाग द्वारा किसानों के समक्ष ड्रोन के माध्यम से खेतों में उर्वरकों के छिड़काव का भी प्रदर्शन किया।

# महिला बाल विकास ने ग्राम वर्धा में स्वस्थ्य बालक-बालिका स्पर्धा का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सोमवार को एकीकृत महिला एवं बाल विकास विभाग सिलवानी द्वारा स्वस्थ्य बालक बालिका स्पर्धा का आयोजन तहसील के बर्धा ग्राम में किया गया।

प्रधानमंत्री पोषण अभियान अंतर्गत बालक बालिका स्पर्धा का मुख्य उद्देशय कुपोषण को समाप्त करने के लिए जन समुदाय में जागरुकता लाना है। इस हेतु जन समुदाय के मध्य प्रोत्साहन, पुरस्कार एवं नवाचार के माध्यम से पोषण के प्रति पर्याप्त जागरुकता एवं प्रतिस्पर्धा का वातारण बनाते हुये बच्चो के पोषण स्थिति में सुधार लाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा



बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य और पोषण को बढाया देने के लिए माता - पिता में बच्चों के पोषण के लिए प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करना है। जिससे जन समुदाय में इसके प्रति जागरुकता का भाव बना रहे, इसी अवधारणा के साथ ग्राम पंचायत वर्धा में स्वस्थ्य बालक बालिका स्पर्धा का आयोजन किया गया आयोजन में अंको के आधार पर चयन के मापदंड में बालक राजवीर यादव पिता कमलेष यादव द्वारा प्रथम स्थान अर्जित किये जाने पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष विजय शुक्ला एवं नमामी देवी नर्मदे के जिला संयोजक रामकृष्ण रघुवंषी द्वारा पोषण थाली देकर सम्मानित किया गया।

# भोजपुर ग्राम में आयोजित जिला स्तरीय संयोजक मंडल सम्मेलन का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

विद्या भारती मध्य भारत प्रांत भोपाल द्वारा मार्गदर्शित भोजपुर ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला रायसेन द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मन्दिर विद्यालयों का एक दिवसीय संयोजक मंडल का सम्मेलन तहसील के सरस्वती शिशु मन्दिर कुंडाली में सानंद सम्पन्न हुआ।

सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए ग्राम भारती के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राजपूत ने कहा कि संयोजक मंडल की सक्रियता समझदारी और कुशलता से प्रत्येक गांव आदर्श बनेगा और उनका समग्र विकास होगा। भारत गांवों में बसता है। देश की 70 प्रतिशत जनसंख्या गांव में रहती है। हम सभी मिलकर विद्यालय के माध्यम से अपने गांव को खुशहाल, समृद्ध और समर्थ बनाएं। हमारे गांव समर्थ



और स्वाबलम्बी होंगे तो हमारा देश आत्मनिर्भर सशक्त और स्वावलंबी होगा। प्रांतीय उपाध्यक्ष मुरलीधर धर्मवाणी ने कहा कि संयोजक मंडल की सक्रियता और समझदारी से हमारे गांव आत्मनिर्भर बनेंगे। उनका समग्र विकास होगा। प्राचीन काल में हमारे गांव आत्मनिर्भर थे सभी आवश्यक सामग्री एवं सुविधाएं उपलब्ध थी कालान्तर में स्थितियां बदली और गांव से पलायन होने लगा। हम सभी मिलकर अपने गांव को पुनः स्वाबलंबी और आदर्श बनाएंगे। प्रांतीय संयोजक पर्यावरण विषय और जिला प्रमुख राजेन्द्र सिंह ठाकुर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि गांव के युवाओं को पर्यावरण गतिविधि से जोड़ा जाए।

## *आकर्षक लीला का मंचन को देखने उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब*

# श्री रामलीला महोत्सव में श्री राम-केवट संवाद का किया मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

रामलीला महोत्सव के चलते सोमवार को रामलीला में श्री राम केवट संवाद की आकर्षक लीला का मंचन किया गया जिसे देखने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा, मिश्र तालाब किनारे जिधर देखो उधर भक्तों की भारी भीड़ नजर आ रही थी और श्रद्धालु भी उत्साह के साथ भगवान राम लक्ष्मण और सीता माता को गंगा के पर होते हुए देख रहे थे।

इस लीला का मंचन बहुत ही आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया, भगवान राम लक्ष्मण और सीता माता कैकई की आज्ञा के अनुसार वन जाने के लिए अपनी वनवासी साधु वेशभूषा में चल देते हैं, गंगा रूपी मिश्र तालाब के किनारे पर राम और केवट संवाद के पश्चात भक्त राज केवट से भगवान राम की भेंट होती है और प्रभु श्री राम केवट से गंगा के उस पार जाने के लिए कहते हैं। इस पर भक्त राज केवट बोला कि है प्रभु मेरी लकड़ी की छोटी सी नाव है मैं आपको कैसे पार करूंगा परंतु भगवान तो केवट के मन की जान रहे थे



भगवान ने अपनी लीला इस मौके पर दिखाते हुए कहा कि आप गंगा से पार करोगे तो गंगा पार करने में क्या उतराई लोगे इस पर भक्त राज केवट अपने अंतर मन से कहते हैं कि हे प्रभु आपके मुझे दर्शन हो गए इससे बड़ी और क्या भेंट होगी परंतु भगवान श्री राम गंगा पार उतराई में अपनी अंगूठी देने लगते हैं तो केवट लेने से मना कर देता है और कहता है कि हे प्रभु आपकी चरण रज पाकर मैं ही नहीं मेरा परिवार और पूरा कुल का उद्धार हो गया है। हे नाथ हम पर सदैव कृपा बनाए रखना भगवान राम प्रसन्न होकर केवट को सदैव सुखी रहने का वरदान दे देते हैं। इस प्रकार से आकर्षक प्रसंग की लीला को देखकर बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालु भी अपने को नहीं रोक न सके और तालाब किनारे जय जय सियाराम श्री सीताराम जय जय श्री राम के जय कारे लगना शुरू हो जाते हैं। पूरा तालाब किनारा भगवान राम के जय कारों से गूंज उठा जैसे ही भगवान राम लक्ष्मण और सीता माता गंगा के पार होते हैं तो भक्त राज केवट सहित श्रद्धालु भगवान की श्रद्धा भावना के साथ पूजा आरती करते हैं, इसके पश्चात भगवान राम लक्ष्मण सीता सहित वन गमन कर जाते हैं।

इस दृश्य को देखकर अनेक श्रद्धालुओं के आंखों में आंसू झलक पड़े और भगवान की एक झलक पाने के लिए उनके पीछे चल देते है। इस समय की धार्मिक लीला का बखान नहीं किया जा सकता इस प्रकार से श्री राम केवट संवाद की प्रस्तुति को देखकर श्रद्धालुओं ने भी सराहना की। रामलीला मंचन के दौरान राम की भूमिका रुद्रांश शर्मा, लक्ष्मण की भूमिका कृष्णा शुक्ला, माता सीता की भूमिका अनुज भार्गव एवं भक्त राज केवट की भूमिका अशोक मांझी ने शानदार ढंग से निभाई सभी ने इस आकर्षक प्रसंग की सराहना की।